आई०डी०सं० – 41/25.26   13

स्पीड पोस्ट
ई–मेल

पत्र संख्या–सू0को0 सं0–22–34/2025...216.../जे0 (लो0सू0)

बिहार सरकार

विधि विभाग

प्रपत्र 'ङ'

(नियम 4(2) देखें)

प्रेषक,

**वीरेन्द्र कुमार व्यास**
अवर सचिव
–सह–लोक सूचना पदाधिकारी।

3997268
25.04.2025

सेवा में,

**लोक सूचना पदाधिकारी**
पथ निर्माण विभाग
बिहार, पटना।

**लोक सूचना पदाधिकारी**
पूल निर्माण निगम
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 16/04/25

महाशय,

श्री संजय कुमार राम, पिता--स्व० सूर्यनाथ राम, ग्राम--कुरकुरी, पोस्ट--बनकट, थाना–गड़हनी, जिला–भोजपुर का सूचना आवेदन प्रपत्र–'क' दिनांक–10.03.2025 (आई0डी0 संख्या–143/2025 दिनांक–17.03.2025) की छायाप्रति इसके साथ निम्न कारणों से संलग्न किया जाता है।

वांछित सूचना इस विभाग के क्षेत्राधिकार में नहीं पड़ता है। चूँकि यह आपके विभाग के क्षेत्राधिकार में है। अतः इसे आवश्यक कार्यार्थ आपको हस्तान्तरित किया जाता हैं।

अनुरोध है कि वाँछित सूचना सीधे आवेदक को देते हुए सूचना विधि विभाग, बिहार, पटना को भी देने की कृपा करें।

**अनु0ः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

16/04/25

**(वीरेन्द्र कुमार व्यास)**
अवर सचिव
–सह–लोक सूचना पदाधिकारी।

28.04.25

D:\Mamta_2025\R.T.I\Prapatr R\Prapatr R6.Docx

**सुविधा** | एक माह में गंगा नदी पर महुली घाट-सिताब दियारा पीपा पुल लगने के बाद छोटे वाहनों का शुरू होगा परिचालन, इस साल नवंबर से ही पीपा पुल नहीं लगाये जाने से लोग है मायूस

# बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला पीपा पुल आज से लगेगा

9/11/2025

बड़हरा, संवाद सूत्र। बिहार और यूपी के अलावा भोजपुर से सारण जिले को जोड़ने वाला पीपा पुल लगाने का कार्य आज रविवार से शुरू होगा।

करीब आठ माह बाद सिन्हा ओपी क्षेत्र के महुली घाट स्थित गंगा नदी में पीपा पुल फिर से लगाने का कार्य शुरू होने को ले लोगों में खुशी लौटी है। आम तौर पर नवंबर में ही पीपा लगाने और दिसंबर में इसे चालू कर दिया जाता है, लेकिन इस बार तकनीकी कारणों से इसमें विलंब होने से इलाके के लोगों में रोष पनप रहा था। आगामी एक माह के अंदर गंगा नदी में महुली घाट-सिताब दियारा पीपा पुल लगने के बाद छोटे वाहनों का परिचालन शुरू हो [illegible]। बता दें कि विगत छह वर्षों से 15 नवंबर के बाद पीपा पुल लगाने का काम शुरू होता था। 15-20 दिसंबर तक गंगा नदी में पुल लगा दिया जाता था। इस वर्ष तकनीकी अड़चन और पीपा पुल लगाने की टेंडर प्रक्रिया में देरी होने के कारण लगभग दो माह देर से पीपा पुल लगाने का कार्य शुरू होगा। इस वर्ष पुल पार कर जाने वाले लोग मात्र चार से पांच माह तक ही इसका लाभ उठा सकेंगे, जबकि समय पर पुल लगने से छह माह से ज्यादा दिनों तक इस पर आवागमन सुचारू रहता है। पुल लगाने को लेकर शनिवार को संवेदक की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पुल लगने की खबर सुन ख्वासपुर पंचायत सहित उत्तर प्रदेश व सारण जिले में अक्सर आने-जाने वाले लोगों में खुशी देखी जा रही है। पीपा पुल लगाने में लगभग 62 पीपा का इस्तेमाल होगा। पीपा पुल बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के वरीय अभियंताओं की देखरेख में लगाया जाएगा। पुल लगाने को लेकर विभाग की ओर से संवेदक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

पीपा पुल चालू होने से जिले की गंगा पार आबादी को होगी सहूलियत

बता दें कि पीपा पुल पर परिचालन शुरू हो जाने से भोजपुर की सारण और यूपी से दूरी कम हो जायेगी। गंगा पार जिले की खवासपुर पंचायत की बड़ी आबादी को भी इससे आवागमन में सुविधा होगी। बता दें कि जून माह में गंगा का जलस्तर बढ़ जाने से महुली घाट पर बने पीपा पुल को खोल दिया गया था। इससे यूपी के बलिया, रानीगंज, बैरिया सहित अन्य शहर और सारण के गांवों में जाने के लिए लोगों को लंबी दूरी तय कर आना-जाना पड़ रहा है। बड़हरा की ख्वासपुर पंचायत के ग्रामीणों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीपा पुल खुल जाने के बाद क्षेत्र के ग्रामीण प्रखंड और जिला मुख्यालय में आने-जाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल गंगा नदी की उफनती धारा में नाव से आवागमन करने को मजबूर थे।



भोजपुर का महुली घाट-सिताब दियारा घाट, जहां लगेगा पीपा पुल।

⑦ पीपा पुल निर्माण में कितना रुपया खर्च होता है। प्रमाणित कॉपी का मांग। निगम के स्थान में कॉपी संलग्न है।

संजय कुमार [illegible]
10/3/2025

सूचना कोषांग
(विधि विभाग)
आई०डी०सं०.. 1431/25
दिनांक...17.03.25......

**प्रपत्र 'ङ'**

***(नियम 4 (2) देखे)***

**<u>अन्य प्राधिकार से संबंधित आवेदन का स्थानान्तरण</u>**

**<u>बिहार सरकार</u>**

**<u>पथ निर्माण विभाग</u>**

पत्र संख्याः—**लो.सू.को./ आई.डी.सं.—41/25—26** 2749(E) पटना, दिनांक—30/4/25

प्रेषकः

लोक सूचना पदाधिकारी,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**<u>निबंधित</u>**

लोक सूचना पदाधिकारी,
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड,
बिहार, पटना।

महाशय,

**श्री संजय कुमार राम** का सूचना आवेदन दिनांक—10.03.2025 जो विधि विभाग के पत्रांक—216 दिनांक—16.04.2025 से स्थानान्तरित होकर इस विभाग में दिनांक—25.04.2025 को प्राप्त हुआ है, जिसका **आई०डी०सं०—41/25—26** है। याचित सूचना आपके कार्यालय के क्षेत्राधिकार से संबंधित है।

अतः अधिनियम की धारा—6(3) के अनुपालन में इसे आवश्यक कार्यार्थ आपको स्थानान्तरित किया जाता है। अनुरोध है कि अपने क्षेत्राधिकार से संबंधित सूचना सीधे आवेदक को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

**<u>अनुलग्नक—यथोक्त।</u>**

विश्वासभाजन

लोक सूचना पदाधिकारी

ज्ञापांकः—2749(E) पटना, दिनांकः—30/4/25

**<u>निबंधित</u>**

प्रतिलिपिः— **श्री संजय कुमार राम,** पिता—स्व0 सूर्यनाथ राम, ग्राम —कुरकुरी, पोस्ट—बनकट, थाना—गड़हनी, जिला—भोजपुर,पिन कोड—802206 **(आवेदक)।**

चूँकि माँगी गई सूचना से संबंधित आपका आवेदन इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है, अतः इसे संबंधित क्षेत्राधिकार वाले लोक सूचना पदाधिकारी को स्थानान्तरित कर दिया गया है। उल्लेखित लोक सूचना पदाधिकारी से संपर्क करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

लोक सूचना पदाधिकारी

कम्प्यूटरीकृत निर्गत
पंजीयन सं०..........
..........
दिनांक-..........

D:\R.T.I. Section-32\Komal-32\R.T.I. FOLDER TILL-2024\praptra. Anga.docx